फर्द अहकाम

कार्यालय सहायक कलक्टर(SDO) मावली, उदयपुर

...दिलखुश
...— विविध आ. 9 नि. 7

विपक्षी :— शान्ताबाई

पत्रावली संख्या : 46/19

कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 18.07.2019

पत्रावली अधिवक्ता वादी द्वारा प्रार्थना पत्र पेश करने पर दर्ज रजिस्टर की गई। प्रकरण अनुसार प्रार्थी का मूल प्रकरण सं. 203/16 वाद को वादी एवं उनके अधिवक्ता की अनुपस्थित में दिनांक 13.06.19 को अदम हाजरी/अदम पैरवी में खारिज कर दिया गया था, जिस कारण प्रार्थी द्वारा दिनांक 18.7.19 को ही नियत समय में प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 7 पेश कर दिया गया है जिसे स्वीकार कर रेकार्ड पर लेने का निवेदन किया ।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। दस्तावेजात का अध्ययन किया। हमने अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया। प्रार्थी द्वारा प्रकरण प्रार्थना पत्र आदेश 9 नियम 7 जा. दी. के तहत् प्रस्तुत कर निर्णय दिनांक 13.06.2019 को प्रकरण सं. 203/16 में जारी आदेश को अपास्त किया जाने का निवेदन किया हैं। प्रार्थी द्वारा निवेदन किया कि पेशी पर प्रार्थी किसी कारणवश बाहर जाने की वजह से उपस्थित नही हो पाया है, उक्त पेशी पर मेरे अधिवक्ता भी उपस्थित नही हुए एवं पेरवी नही की। जिस कारण मेरा प्रकरण अदम हाजरी/ अदम पेरवी में खारिज कर दिया गया। न्यायालय में उपस्थित होकर प्रकरण की जानकारी करने पर वाद अदम हाजरी में खारिज होने की जानकारी प्राप्त हुई। पत्रावली के अवलोकन एवं प्रकरण 203/16 के अवलोकन से वादी का प्रकरण अदम हाजरी/अदम पेरवी में खारिज होना जाहिर आया हैं। वादी द्वारा जानकारी में आते ही मूल प्रकरण नम्बर पर लेने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिया गया हैं। प्रकरण में वादी के हित निहित होने से प्रकरण का मेरिट पर निस्तारण किया जाना आवश्यक हैं। प्रकरण में उभय पक्षकारान की अनुपस्थिति में अदम हाजरी में खारिज होना जाहिर आया है जिसकी दोनों ही पक्षकारों को कोई सूचना नहीं होना बताया हैं। अतः न्यायहित में प्रकरण स्वीकार किया जाना उचित हैं।

—: आदेश :—

परिणामस्वरूप प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 9 नियम 7 जा.दी. का स्वीकार किया जाता है कि प्रकरण सं. 203/16 में निर्णय दिनांक 13.06.19 को अपास्त किया जाता हैं तथा मूल प्रकरण को पुनः नम्बर पर लेने के आदेश दिये जाते हैं। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो।

निर्णय खुले न्यायालय सुनाया गया।

(मोहन सिंह)
सहायक कलक्टर
(SDO) मावली

सहायक कलक्टर (SDO) ...

Scanned by CamScanner